LKS
दैनिक
# लोकतंत्र की शान
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com
दिल्ली से प्रकाशित शनिवार 21 मार्च 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# कूटनीति के धुंरधर बने पीएम मोदी...

## कतर, फ्रांस, जॉर्डन, ओमान और मलेशिया के नेताओं को घुमाया फोन

एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग ने दुनिया को परेशान कर दिया है। कई देश ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रहे हैं। पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका जैसे देशों में पेट्रोल-डीजल के साथ ही गैस की कमी आ गई है। स्थिति को देखकर इन देशों ने कीमतें भी बढ़ा दी है, जिसका असर जनता पर सीधे पड़ रहा है। तमाम देश ईरान युद्ध को बंद कराने में अपने-अपने स्तर से जुटे गए हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में पहली बार सामूहिक तौर पर बड़ी पहल की है। पीएम मोदी ने पांच देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात कर वेस्ट एशिया के मौजूदा हालात पर गंभीर चिंता जाहिर की है। उन्होंने इसके साथ ही संघर्ष और तनाव कम करने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने एनर्जी फैसिलिटी यानी पेट्रोल और गैस के संयंत्रों पर हमले की भी कड़े शब्दों में निंदा की है। वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने कूटनीतिक स्तर पर सक्रियता तेज की है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार देर रात को कतर, फ्रांस, जॉर्डन, ओमान और मलेशिया के नेताओं से अलग-अलग फोन पर बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने इन सभी वार्ताओं में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर



पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा कर कहा कि इसतरह के हमले न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर भी गंभीर असर डाल सकते हैं। उन्होंने खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा परिवहन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के समर्थन का आश्वासन दिया और क्षेत्र में ऊर्जा ढांचे पर हमलों की निंदा की। उन्होंने कतर में रह रहे भारतीय समुदाय की देखभाल और सहयोग के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला-सेंकड से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें अग्रिम ईद की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्रीय हालात पर चिंता जाहिर की है। दोनों नेताओं ने सहमति जाहिर की, कि संवाद और कूटनीति ही शांति बहाली का एकमात्र रास्ता है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत में भी प्रधानमंत्री मोदी ने तनाव कम करने और कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने वेस्ट एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय जारी रखने पर सहमति जाहिर की। वहीं, ओमान के सुल्तान सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद के साथ हुई बातचीत को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोडक्टिव बताया।

## डॉ. जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री से की बात

**नई दिल्ली**। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग से बातचीत करके अपने-अपने विचार साझा किये। डॉ जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, "मुझे अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से बात करके बहुत खुशी हुई। हमने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर अपने



आकलन साझा किए। साथ ही हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।" इसके अलावा डॉ जयशंकर ने आज ही अन्य देशों के उच्च अधिकारियों से भी मुलाकात की। इजराइल-अमेरिका के हमलों के बाद से ईरान का खाड़ी देशों से भी संघर्ष जारी है। इसके कारण ईरान से गैस की आपूर्ति समय पर न होने से अन्य देशों में स्थिति चिंताजनक है और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं।

## ब्रिक्स देशों के साझा बयान में ईरान पर हुए हमले की निंदा कर एकजुटता की मांग



**नई दिल्ली**। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले दिनों ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत में ब्रिक्स के साझा बयान में अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले की निंदा की और ब्रिक्स देशों की एकजुटता की मांग की थी। ब्रिक्स की अध्यक्षता वर्तमान में भारत के पास है। नई दिल्ली को सभी ब्रिक्स देशों की सहमति से साझा बयान तैयार करना है। इसमें मुश्किलें है कि ब्रिक्स के कई देश ईरान-इजराइल युद्ध में प्रभावित हैं। ईरान में करीब 9 हजार भारतीय थे। आने वाले वक्त में करीब 842 भारतीय नागरिक अजरबैजान और अर्मीनिया के रास्ते भारत आएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कई लोगों ने खुद को दूतावास में रजिस्टर नहीं कराया है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

# एक माह तक अल्लाह की इबादत का प्रतिफल है ईद!



रमजान के सकुशल बीतने की खुशी में ही अल्लाह को शुक्रिया अदा करने के लिए ही ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाता है। वही अल्लाह के नेक बन्दो की खिदमत का भी मुबारक मौका है ईद।ईद पर कोई भूखा न रहे ,पडौसी के घर में भी ईद की खुशिया मने और आपसी मोहब्बत व भाईचारे की नई शुरूआत हो यही कौशिश हर किसी की रहती है।तभी तो ईद की सवेरे से ही ईद की खुशिया सब पर हावी हो जाती है। बडे सवेरे से घर में सेवईया बननी शुरू हो जाती है। एक माह तक रोजा रख चुके लोग नये नये कपडे पहनकर ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह जाते है। ईदगाह में नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है। बच्चे नये नये खिलौने खरीदते है। सेवईया और तरह तरह के पकवान खाये जाते है।ईद पर भी गरीबो को दान देने ,उनकी सहायता करने की खास परम्परा है।ताकि हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशिया बरकरार रहे।रमजान सब्र ,प्रेम और भाईचारे के साथ साथ अल्लाह की खिदमत का एक खास महिना है। तभी तो इस्लाम धर्म को मानने वाला हर मुस्लमान रमजान का बेसब्री से इन्तजार करता है। रमजान शुरू होते है तो हर रोजेदार की दिनचर्या बदल जाती है। बडे सवेरे उठना और अल्लाह को याद करने के साथ ही पांचो वक्त की नमाज रोजेदार को अल्लाह की इबादत का मौका दिलाती है। रमजान की शुरूआत भी चांद से ही होती है और रमजान पूरे होने पर ईद का जब चांद निकलता है तो सबके चेहरे पर खुशी छा जाती है। इस्लामी कलैण्डर के दसवें महिने की पहली तारीख को चांद दिखने व तीस रोजे निर्विधन खुदा की इबादत के साथ पूरे होने की खुशी में ईद उल फितर मनाया जाता है। ईद उल फितर की शुरूआत जगं एबदर के बाद सन 624 ईसवी के पैगम्बर मौहम्मद साहब द्वारा ईद उल फितर मनाने से मनाने से हुई थी। रमजान के इस महिने में हर मुस्लमान जंहा ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की रहमत में गुजारना चाहता है। वही वह स्वयं को सुधारने व खुदा के बन्दो के चेहरो पर रौनक लाने के लिए उनके हर गम में शरीक होता है। जो खुदा के बन्दे पैसो से मोहताज है, भूखे है ,लाचार है उनकी हर हाल में मदद कर उन्हे बराबरी पर लाने की कौशिश की जाती है। इस्लाम में हर शख्स को रोजाना ही शरीर और दिमाग से पाक साफ रहने की हिदायत है। लेकिन रमजान के महिने में हर दिन विशेष तौर पर पाक साफ रहने की बात कही गई है ताकि रोजेदार हर तरह के गुनाहो से दूर रहे। आपसी भाईचारे से रहना सीखे। खुदा की इबादत करे। नेकी करे लेकिन ईद उल फितर की खुशी के मौके पर कैसे हो दिन की शुरूआत यह भी इस्लाम में बताया गया है । इस्लाम धर्म के विद्वान बताते है कि ईद उल फितर के दिन की शुरूआत फजर की नमाज के साथ होती है। रमजान में तीस दिनो तक रोजा रख चुके रोजेदारो एवं उनको भी जो बीमारी या फिर किसी अन्य वजह से रोजा नही रख पाए ,को मिस्वाक दातून करने के बाद गुसल यानि नहाना चाहिए। फिर साफ कपडे पहनकर कपडो पर इतर की खुशबू के साथ कुछ खाकर ईदगाह जाना चाहिए। ध्यान रहे ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात की जरूरी रस्म नही भूलनी चाहिए। यही वह रस्म है जो गरीब और मोहताज पडौसी के चेहरे पर सहायता की रौनक लाती है। इस्लाम मानता है कि मनुष्य में वासनाएं,इच्छाएं,और भावनाएं प्राकृतिक रूप से समाहित है इसी कारण उसके स्वभाव में तेजी,उत्तेजना और जोश होता है। जिसे समाप्त या फिर कम करने के लिए ही रमजान में रोजो की व्यवस्था की गई है। ताकि मनुष्य अल्लाह को याद करने के साथ साथ अपने अन्दर की बुराईयों को दूर करते हुए आत्म चिंतन करना सीखे और एक अच्छे भले इंसान के रूप में अपने जीवन का यापन करे। वैसे तो इस्लाम में हर रोज पांच वक्त की नमाज पढने की हिदायत दी गई है। लेकिन रमजान के दिनो में हर रोजेदार अल्लाह के करीब होता है इसलिए पांचो वक्त की नमाज पढना वह अपना फ़र्ज़ समझता है। रोजा रखने से जहां पेट बिलकुल ठीक रहता है और शरीर का शुद्धिकरण हो जाता है। वही पांचो वक्त की नमाज पढने से उसकी योगिक क्रियाएं भी हो जाती है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2.30 रुपये की बढ़ोत्तरी, सामान्य पेट्रोल का दाम स्थिर

**नई दिल्ली**। पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों



ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाये हैं, जबकि सामान्य पेट्रोल का भाव स्थिर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2 रुपये से लेकर 2.30 रुपये तक बढ़ा दी हैं। हालांकि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की बात यह है कि नियमित (रेगुलर) पेट्रोल की कीमतों में फिलहाल कोई बढ़ोत्तरी नहीं किया गया है। यह बदलाव आज (शुक्रवार) सुबह 6 बजे से ही पूरे देश में लागू हो चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस ईंधन पर प्रति लीटर इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का 'पावर' पेट्रोल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का 'एक्सपी95' (XP95) जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आमतौर लोग अपनी महंगी कारों और आधुनिक बाइक्स में स्मूथ इंजन परफॉरमेंस की उम्मीद में प्रीमियम पेट्रोल को प्राथमिकता देते हैं। यह फैसला मुख्य रूप से मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक ईंधन बाजारों पर इसके बढ़ते प्रभाव के कारण लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ईरान-इजरायल और अमेरिका बीच जारी जंग के चलते ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम आज 109.54 डॉलर प्रति बैरल पर हैं।

### कुल्लू 24 घंटे से जारी हैं मूसलाधार बारिश, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात, कुल 13 सड़कें बंद



**कुल्लू**। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बीते 24 घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात जारी है। इस बारिश और हिमपात से सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हालात इसतरह के बन गए हैं कि कुल्ल जिले की कुल 13 सड़कें बंद हो गई हैं। ग्रामीण इलाकों में 216 ट्रांसफॉर्मर के ठप पड़ने से अंधेरा छाया हुआ है। भारी बारिश के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। भुंतर-मणिकर्ण मार्ग जछनी के पास मलबा आने से अवरुद्ध हुआ है, जहां दलदल में वाहन फंसने से लोगों को भारी परेशानी उठनी पड़ रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार में बनी हुई है। मठ क्षेत्र से फिर भूस्खलन शुरू हो गया है। यह देखकर जिला प्रशासन ने एहतियातन 15 घरों को खाली कराया है, लेकिन लगातार गिरते मलबे के कारण खतरा अभी भी बना हुआ है। सितंबर 2025 की त्रासदी में नौ लोगों की मौत के बाद अब फिर से भूस्खलन ने लोगों में भय का माहौल और गहरा कर दिया है। वहीं, मणिकर्ण-बरशैनी मार्ग घटीगढ़ के पास फिर से बंद हो गया है। यह मार्ग पिछले एक वर्ष से बार-बार बाधित हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को लगातार दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।


### वनतारा में किसी भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं हुआः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा के खिलाफ दायर एक फाउंडेशन की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वनतारा में किसी भी तरह के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं हुआ है। वनतारा के खिलाफ ये याचिका करणार्थम विरम नाम की एक फाउंडेशन ने दायर की थी। याचिका में केंद्र सरकार, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई थी। इसमें वनतारा पर जानवरों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। कोर्ट ने पिछले साल इस तरह की एक याचिका खारिज कर दी थी।












# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के भव्य 'कोडिंग और प्रोग्रामिंग' हैकाथॉन का समापन

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस (SIC) के 'कोडिंग और प्रोग्रामिंग' हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं माननीय अध्यक्ष श्री विराज सागर दास जी ने ऑनलाइन किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए माननीय उपाध्यक्ष सुश्री सोनाक्षी दास जी एवं माननीय उपाध्यक्ष श्रीमती देवांशी दास जी ने हर्ष व्यक्त किया। एडीजीआईपीएस का सैमसंग इनोवेशन कैंपस, जीजीएसआईपीयू के तीन इनोवेशन कैंपस में से एक है। इस संस्थान में पहले से ही अल्ट्राटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित है। यह सब प्रबंधन के मार्गदर्शन, निदेशक प्रोफेसर डॉ. निरंजन भट्टाचार्य के नेतृत्व तथा संकाय एवं स्टाफ के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिससे एडीजीआईपीएस के छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 300 छात्रों के एक विशाल समूह को उभरती प्रौद्योगिकियों में उद्योग-तैयार कौशल के साथ सशक्त बनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य



रूप से प्रास एंटरप्राइजेज के सीईओ श्री मुकेश कुमार, एआई/एमएल विषय विशेषज्ञ श्री रितेश सक्सेना डायरेक्टर कोऑर्डिनेशन डॉ. विजय धीर निदेशक प्रोफेसर डॉ. निरंजन भट्टाचार्य, निदेशक (वित्त) श्री बी. एम. के. गुप्ता तथा सहायक निदेशक (एचआर) सुश्री पंखुरी अग्रवाल उपस्थित रहे । संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर डॉ. निरंजन भट्टाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि अब संस्थान में सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) की शुरुआत हो चुकी है, जो छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अपने वक्तव्य में जोर देते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बिग डेटा, कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग, फुल स्टैक डेवलपमेंट तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकी दक्षताएं उद्योग की प्रमुख आवश्यकता बन चुकी हैं। डॉ. भट्टाचार्य ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग की आधारभूत समझ, आधुनिक प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान, तथा फ्रंटएंड एवं बैकएंड डेवलपमेंट की समग्र जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स और हैकाथॉन के माध्यम से छात्रों के व्यावहारिक कौशल को भी विकसित किया जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि ADGIPS का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि छात्रों को उद्योग-तैयार प्रोफेशनल्स के रूप में विकसित करना है, ताकि वे तकनीकी क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व कर सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सैमसंग द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जो उन्हें वैश्विक तकनीकी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने में सहायक होंगे।

## एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका संबंधित अध्याय को फिर से लिखने के लिए 3 सदस्यीय समिति गठित

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तक में न्यायपालिका से जुड़े अध्याय को दोबारा लिखने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को इसकी सूचना उच्चतम न्यायालय को दी। केंद्र सरकार की इस सूचना के बाद उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में स्वतः संज्ञान के जरिये शुरु की गई कार्यवाही का निस्तारण करने का आदेश दिया। केंद्र सरकार की ओर से अटार्नी जनरल तुषार मेहता ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी में उच्चतम न्यायालय के पूर्व जजों जस्टिस इंदू मल्होत्रा, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और पूर्व अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल शामिल हैं। इस मामले में 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय ने एनसीईआरटी की कक्षा 8 में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का एक अध्याय लिखने के जिम्मेदार लोगों को भी सरकारी कामों से हटाने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, दिवाकर और आलोक प्रसन्ना कुमार के खिलाफ ये आदेश जारी किया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि हम ये साफ कर देना चाहते हैं कि या तो इन लोगों को न्यायपालिका के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है या जानबूझकर इसे गलत तरीके से पेश किया गया है। इन लोगों का उद्देश्य आठवीं कक्षा के छात्रों के बीच न्यायपालिका की नकारात्मक छवि पेश करना था। आठवीं कक्षा सीखने की कच्ची उम्र होती है। उच्चतम न्यायालय ने 26 फरवरी को इस किताब पर रोक लगा दी थी।




## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट 4 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में सीबीआई-एसआईटी जांच की मांग पर सुनवाई को तैयार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय गुरुग्राम की चार साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच की मांग करने वाली याचिका पर 23 मार्च को सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने शुक्रवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मेंशन करते हुए इस मामले पर जल्द सुनवाई की मांग की। कोर्ट ने इस मामले पर 23 मार्च को सुनवाई करने का आदेश दिया। रोहतगी ने कहा कि ये काफी डरावना मामला है। नाबालिग को मजिस्ट्रेट के सामने भेजा गया। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। घटनास्थल को भी संरक्षित नहीं किया गया है। सीसीटीवी फुटेज भी नहीं लिए गए हैं। लड़की ने सबकुछ बताया है, लेकिन हुआ कुछ नहीं। गुरुग्राम पुलिस ने कुछ नहीं किया। इसमें घरेलू सहायिका लिप्त है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए। तब रोहगती ने कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में है। लड़की के पिता गुरुग्राम में हैं। सबसे बड़ी अदालत से मैसेज जाना चाहिए। तब चीफ जस्टिस ने 23 मार्च को सुनवाई करने का आदेश दिया।

### आईआईटी मुंबई में 21-22 मार्च को 'भारत इनोवेट्स प्री-समिट', धर्मेंद्र प्रधान करेंगे संबोधित

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत को डीप-टेक नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए 21–22 मार्च को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के रिसर्च पार्क में 'भारत इनोवेट्स डीप-टेक प्री-समिट' का आयोजन कर रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह प्री-समिट देशभर से प्राप्त 3000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए लगभग 137 उभरते डीप-टेक स्टार्टअप्स को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक स्टार्टअप संस्थापक, 70 से ज्यादा निवेशक और वेंचर कैपिटल प्रतिनिधि तथा 50 से अधिक उद्योग जगत के नेता शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद सहित कई वरिष्ठ वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और नीति-निर्माता भाग लेंगे। इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े शीर्ष अधिकारी तथा आईआईटी से जुड़े डीप-टेक उद्यमी भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। 'भारत इनोवेट्स' पहल की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के उद्घाटन के दौरान की थी। साथ ही, यह कार्यक्रम जून 2026 में फ्रांस के नीस में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय इनोवेशन शोकेस के लिए भारतीय स्टार्टअप्स के चयन का भी आधार बनेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह पहल 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### गोदारा, गोगी गैंग का शार्प शूटर करमवीर उर्फ काजू गिरफ्तार


**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा–जितेंद्र गोगी गैंग के शार्प शूटर करमवीर उर्फ काजू (38) को गिरफ्तार किया है। आरोपित को तड़के राजस्थान के कोटपुतली स्थित एनएच-08 पर एक होटल से दबोचा गया। इस संबंध में स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त नर्रा चैतन्य ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था और कई जघन्य मामलों में वांछित था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, करमवीर हरियाणा के झज्जर जिले का रहने वाला है और उस पर हत्या, हत्या के प्रयास, उगाही, डकैती और आपराधिक धमकी समेत 15 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वह गुरुग्राम के दो नाइट क्लबों पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में भी वांछित था, जिसकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है। जांच में सामने आया कि आरोपित को 20 जून 2024 को एक हत्या के मामले में अंतरिम जमानत मिली थी, लेकिन जमानत अवधि खत्म होने के बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया। इसके बाद मई 2025 में उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा और नेपाल भागकर करीब एक साल तक छिपा रहा।

# ट्रैफिक पुलिस द्वारा फर्जी नो एंट्री परमिट का पता – तिमारपुर सर्कल

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। एक महत्वपूर्ण प्रवर्तन कार्रवाई में, तिमारपुर सर्कल की ट्रैफिक पुलिस ने नियमित जांच के दौरान एक फर्जी नो एंट्री परमिट (NEP) का पता लगाया, जो उल्लंघनों को रोकने में उनकी सतर्कता और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। दिनांक 18.03.2026 को लगभग शाम 6:20 बजे, एएसआई नरसिमुल्लू गौड़ ने "नो एंट्री" नियमों का उल्लंघन करने पर बुराड़ी से आईएसबीटी मार्ग पर एक लाइट गुड्स व्हीकल (LGV) (रजिस्ट्रेशन नंबर DL-1L-AL-**) को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन के विंडस्क्रीन पर प्रदर्शित नो एंट्री परमिट (NEP) फर्जी था। ऑनलाइन चालान सिस्टम के माध्यम से सत्यापन करने पर पुष्टि हुई कि इस वाहन के लिए कोई वैध NEP जारी नहीं किया गया था। ड्राइवर की पहचान रोहित (पुत्र श्री गणेश), निवासी फरीदाबाद, हरियाणा, आयु 27 वर्ष के रूप में हुई, जो कोई वैध अनुमति प्रस्तुत करने में असफल रहा। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि यह फर्जी परमिट उसने निहाल विहार के एक व्यक्ति से 2000 में प्राप्त किया था। इस संबंध में धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वाहन तथा फर्जी परमिट को आगे की जांच हेतु स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है। यह प्रवर्तन अभियान ट्रैफिक इंस्पेक्टर संतोष गुप्ता द्वारा, एसीपी अशोक मैंदोला और डीसीपी ट्रैफिक निशांत गुप्ता के पर्यवेक्षण में चलाया जा रहा था।ट्रैफिक पुलिस सभी वाणिज्यिक वाहन मालिकों से अपील करती है कि वे फर्जी NEP बेचने वालों के झांसे में न आएं और केवल दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट से ही वैध नो एंट्री परमिट के लिए आवेदन करें।









## संक्षिप्त समाचार

### ईद पर इंसानियत की मिसाल बने फरहान खान, LPG संकट में बढ़ाया मदद का हाथ

» कोरोना काल से लेकर आज तक जरूरतमंदों के सहारे, जनता के बीच बना रहे अलग पहचान



**नजीबाबाद।** जहां एक ओर LPG गैस की किल्लत से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ऐसे मुश्किल समय में फरहान खान लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। ईद के मौके पर उन्होंने जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचकर न सिर्फ गैस की व्यवस्था कराने में सहयोग किया, बल्कि हर संभव सहायता देकर इंसानियत की मिसाल पेश की। फरहान खान पहले भी कोरोना महामारी और लॉकडाउन के दौरान लगातार लोगों की मदद करते नजर आए थे। उस कठिन समय में उन्होंने जरूरतमंदों तक राशन, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान पहुंचाकर कई परिवारों का सहारा बने थे। आज भी वे उसी जज़्बे के साथ जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं और समाधान के लिए प्रयासरत हैं। उनकी मेहनत और सेवा भाव के चलते क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फरहान खान जैसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

### सब रजिस्ट्री कार्यालय के लिए करनपुर में भूमि का बैनामा हुआ संपन्न, अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुर** : शुक्रवार को हसनपुर के नवनिर्मित तहसील परिसर के निकट सब रजिस्ट्री कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि का बैनामा संपन्न होने की खुशी में तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र सैन अग्रवाल का तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत कर आभार प्रकट किया गया । पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने इस कार्य में निरंतर सहयोग के लिए हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल एडवोकेट तथा ग्राम करनपुर माफी स्थित नवीन तहसील परिसर के निकट सब रजिस्ट्री कार्यालय हसनपुर के निर्माण हेतु निशुल्क भूमि दान करने वाले संजय अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल तथा पूर्व अध्यक्ष श्री चंद्रसेन अग्रवाल का हार्दिक आभार व्यक्त किया । महावीर सिंह एडवोकेट ने भाजपा व उ०प्र० सरकार का आभार व्यक्त किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान,पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह व मुजाहिद चौधरी,सुनील भटनागर, वीर सिंह,नरेश पाल सिंह, सुबोध शर्मा, विजेंद्र गहलोत, संजय चौहान, नासिर अली, शेर सिंह भड़ाना,मौहम्मद नवेद आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

### बेमौसम बारिश को लेकर मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल, फसलों के नुकसान का तत्काल आकलन कर मुआवजा सुनिश्चित करने के निर्देश

**लोक तंत्र की शान , लखनऊ।** प्रदेश में असमय वर्षा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर राहत पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं फील्ड में निकलकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल कागजी न होकर वास्तविक स्थिति के आधार पर किया जाए, ताकि किसानों को सही और समय पर सहायता मिल सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारियों से सीधा संपर्क और समन्वय बनाए रखें। सीएम ने कहा कि सभी सूचनाएं समय पर एकत्रित कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि फसलों को हुई क्षति का आकलन प्राप्त होते ही मुआवजे के वितरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भुगतान व्यवस्था पारदर्शी और समयबद्ध हो, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

### रविवार के दिन भी खुलेंगे उपनिबंधक कार्यालय

**लोक तंत्र की शान , बांदा।** महानिरीक्षक निबंधक उ०प्र० लखनऊ द्वारा जनपद में रविवार को सभी उपनिबन्धक कार्यालय खोले जाने के निर्देश दिये गए है इसलिए सहायक महानिरीक्षक निबन्धन बॉदा प्रवीन्द्र सिंह सचान ने सभी उपनिबन्धकों को निर्देशित किया है कि दिनांक 22.03.2026 दिन रविवार को अवकाश के दिन सामान्य कार्य दिवस की भाँति कार्यालय खेलेंगे और लेखपत्रों के पंजीकरण का कार्य किया जायेगा। इसीलिए समस्त उपनिबन्धक रविवार को कार्यालय खोले जाने की सूचना से अपने क्षेत्रांन्तर्गत दस्तावेज लेखकों व अधिवक्तागणों को अवश्य अवगत करायें।

# वीर सिंह एडवोकेट के नामित सभासद बनने पर अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

लोकतंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा




**हसनपुरः** शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा भाजपा नेता वीर सिंह प्रजापति को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पालिका परिषद हसनपुर में सदस्य नामित किए जाने पर पूर्व तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया गया तथा खुशी में मिष्ठान का वितरण किया गया । पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने श्री वीर सिंह को भाजपा का वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मनोनयन से नगर के विकास को बढ़ावा मिलेगा और समस्याओं का निराकरण होगा । वीर सिंह एडवोकेट ने भाजपा व उ०प्र० सरकार तथा उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि वह शासन और पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे ।कार्यक्रम में बार के महासचिव बृज किशोर, पूर्व ब्लाक प्रमुख गंगा सरन खड़गवंशी व महावीर सिंह चौहान,पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह, सुनील भटनागर, नरेश पाल सिंह, सुबोध शर्मा, मेघराज सिंह, शफीक अहमद, संजय कुमार, भगवत सिंह, दीवान सिंह, नासिर अली, विजेंद्र गहलोत, मदन कुमार, शेर सिंह भडाना, वीर सिंह त्यागी, फतेह सिंह,ओमपाल सिंह, संजय चौहान, मौ. सरवर, मौ०नवेद, लक्ष्मीकांत आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे । संचालन पूर्व महासचिव नासिर अली एडवोकेट ने किया ।

## गैस की किल्लत के चलते SDM ने अधिकारियों संग किया एजेंसियों का निरीक्षण



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** नगर एवं देहात क्षेत्र में इन दोनों इजरायल ईरान अमेरिका के युद्ध के चलते गैस का संकट बढ़ गया है वही गैस की कालाबाजारी भी बढ़ गई है तथा लोगों को घंटो लाइनों में खड़े होने के बाद भी गैस का सिलेंडर भरा हुआ नहीं मिल पाता, जिसको लेकर आए दिन विभिन्न किसान संगठनों सामाजिक संगठनों द्वारा अधिकारियों से एजेंसी धारकों पर निरीक्षण कर सुचारू रूप से गैस वितरण किये जाने को लेकर ज्ञापन दिए जा रहे हैं इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम हसनपुर हिमांशु उपाध्याय ने हसनपुर स्थित सचिन इंडियन गैस एजेंसी एवं हसनपुर गैस एजेंसी के गोदाम तथा एजेंसीयों पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और एजेंसी धारकों को सभी उपभोक्ताओं को सुविधा और सुगमता के साथ गैस सिलेंडर वितरण किए जाने के निर्देश दिए, वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि गैस वितरण में धांधली या कोई लापरवाही की शिकायत मिलती है तो एजेंसी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, इस मौके पर उनके साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी, कोतवाल राजेश कुमार तिवारी एवं सप्लाई इंस्पेक्टर तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा ।

## ईद व रामनवमी को लेकर पुलिस ने R A F के साथ किया फ्लैग मार्च

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** शुक्रवार को हसनपुर कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स RAF ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला, फ्लैग मार्च कोतवाली से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, मुख्य बाजार सहित नगर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों से गुजरा, इस मार्च का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना और अरजाक तत्वों को सख्त संदेश देना था, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों की छत एवं गलियों पर ड्रोन के जरिए लगातार नजर रखी जा रही है, वहीं अफवाहो को रोकने के लिए पुलिस की आईटी सेल् भी सक्रिय है, किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा, नागरिक बिना किसी डर के सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाए, पुलिस सभी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, इस दौरान कोतवाल राजेश कुमार तिवारी, अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, सहित भारी संख्या में पुलिस बल और RAF जवान मौजूद रहे, प्रशासन में स्पष्ट किया कि इस सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

## बिजनौर में कुट्टू का आटा बना जानलेवा, 21 श्रद्धालु बीमार

**नजीबाबाद-मंडावली क्षेत्र में फूड पॉइज़निंग की आशंका, व्रत के भोजन के बाद बिगड़ी तबीयत**

लोक तंत्र की शान, खिज़्र अहमद



**नजीबाबादः** मंडावली क्षेत्र में त्योहार के दौरान कुट्टू का आटा खाने से करीब 21 श्रद्धालुओं के बीमार पड़ने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, सभी श्रद्धालुओं ने व्रत के दौरान कुट्टू के आटे से बना भोजन किया था। भोजन करने के कुछ ही देर बाद लोगों को उल्टी, चक्कर, घबराहट और कमजोरी जैसी शिकायतें होने लगीं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस और खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में कुट्टू के आटे के खराब या मिलावटी होने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानों से खाद्य सामग्री के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे त्योहार के दौरान खाद्य सामग्री खरीदते समय विशेष सतर्कता बरतें। फिलहाल सभी मरीजों का इलाज जारी है और डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी सम्मिट 2026 में किया प्रतिभाग़

लोक तंत्र की शान




**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा यशोभूमि नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी सम्मिट 2026 में प्रतिभाग किया।इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश की ऊर्जा उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश देश में ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्य बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को सस्ती, सतत एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्च मानकों पर कार्य कर रही है। बीते वर्ष गर्मी के दौरान उत्तर प्रदेश ने देश की सर्वाधिक पीक डिमांड को सफलतापूर्वक पूरा किया और इस वर्ष इससे भी अधिक मांग को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।उन्होंने बताया कि बिजली की उपलब्धता बढ़ाने हेतु पिछले एक वर्ष में लगभग 4000 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी गई है, जबकि इसी वर्ष 5000 मेगावाट से अधिक नई क्षमता स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा चुके हैं। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत उत्तर प्रदेश देश में प्रतिदिन सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में प्रथम स्थान पर है। साथ ही, राज्य में यूटिलिटी स्केल सोलर पार्क, पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (PSP) और बैटरी स्टोरेज सिस्टम पर तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा किया जा सके।उन्होंने बताया कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-2 के तहत उत्तर प्रदेश ने देश में उत्कृष्ट कार्य किया है तथा ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-3 परियोजना को शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह भी किया गया है।

## शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई अलविदा जुमे की नमाज भारी पुलिस बल रहा मौजूद



लोकतंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज हसनपुर नगर सहित विभिन्न ग्रामों में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई बताते चलें कि ग्राम गंगवार की जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों, हसनपुर की जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई । बारिश के बावजूद नमाजियों की काफी तादाद ने मस्जिदों तक पहुंच कर नमाज अदा की । इस दौरान पत्थर वाली मस्जिद में हाफिज मशकूर अहमद ने नमाज़ अदा कराई और मौलाना हुसैन अहमद ने अपने मुल्क और दुनिया में अमनो सलामती के लिए दुआएं मांगी। उन्होंने अपने बयान में ईद की नमाज से पहले मुस्तहिक अफ़राद को सदका ए फित्र,ज़कात और फिदिया अदा कर के सबाब हासिल करने की अपील की। वहीं कहीं भी अलविदा जुमे की नमाज सड़कों पर नहीं पढ़ी गई शासन के आदेश का जनता ने पालन किया, इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तारिक मोहम्मद खां, रालोद नेता मुजाहिद चौधरी, कमालुद्दीन, डॉ. कमालुददीन, आसिफ खां, बब्बू सैफी, लईक अहमद,खलील अहमद सहित सैंकड़ों लोगों ने नमाज अदा की।

## पीएमईजीपी योजना से बदली किस्मत लखीमपुर की सरिता बनीं सफल उद्यमी

लोक तंत्र की शान




**लखनऊ।** योगी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया है, वह केवल एक नारा नहीं बल्कि लाखों युवाओं के जीवन में बदलाव की कहानी बन चुका है। सरकार की योजनाएं आज गांव-गांव तक पहुंच रहीं हैं और युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहीं हैं। इसी संकल्प की एक प्रेरणादायक मिसाल लखीमपुर खीरी की सरिता सिंह हैं। लखीमपुर खीरी के ग्राम बुझारी की रहने वाली सरिता सिंह ने सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद कुछ अलग करने का सपना देखा। सरकार की 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' (PMEGP) योजना ने उनके इस सपने को साकार करने का रास्ता दिखाया। 25 लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने तेल कोल्हू (ऑयल मिल) उद्योग की शुरुआत की। उन्होंने सरसों के तेल का उत्पादन शुरू किया और आधुनिक तकनीक से उसे फिल्टर कर व्यापारियों तक पहुंचाने लगीं। आज उनकी इकाई प्रतिदिन 12 क्विंटल सरसों तेल का उत्पादन करती है। सरिता सिंह की सफलता सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं है, बल्कि पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन गई है। उनके उद्योग में आज 27 लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इससे गांव के कई परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरी है और लोगों में आत्मनिर्भर बनने का विश्वास बढ़ा है। आज सरिता सिंह हर महीने लगभग 1 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहीं हैं। उन्होंने सरकारी सहयोग और दृढ़ संकल्प से अपने सपनों को साकार कर दिखाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के विजन के तहत ऐसे ही हजारों युवा आज अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं और राज्य को आर्थिक रूप से मजबूत बना रहे हैं।

## दूरदर्शी नेतृत्व में विकास की रफ्तार तेजः सिरसी नगर पंचायत का 2026-27 बजट सर्वसम्मति से पास

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी






**सम्भल/सिरसी** नगर पंचायत सिरसी में शुक्रवार को आयोजित बोर्ड बैठक विकास के नए आयाम तय करने वाली साबित हुई। चेयरमैन कौसर अब्बास के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार नगर पंचायत की अनुमानित आय 2051.92 लाख रुपये तथा व्यय 2047.23 लाख रुपये निर्धारित किया गया। इसके अलावा गृहकर नामांतरण, विज्ञापन व्यवस्था, फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन तथा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

नगर के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं डेकोरेटिव पोल लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। वहीं वार्ड नंबर-8 स्थित मुरादाबाद–संभल मार्ग पर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पार्क में ओपन जिम स्थापित करने का निर्णय लिया गया, जिससे युवाओं और स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन कौसर अब्बास ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सिरसी को एक आधुनिक, स्वच्छ और सुविधायुक्त नगर बनाना है। उनके नेतृत्व में नगर पंचायत लगातार विकास की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रही है। सदस्यों ने भी उनके कार्यों और योजनाओं की सराहना की। बैठक का संचालन डिप्टी कलेक्टर/अधिशासी अधिकारी विकास चंद्र ने किया। इस दौरान रईस अहमद (लिपिक), आदित्य वीर रस्तोगी, फरहत अब्बास, श्रीमती तबस्सुम नाज, खुर्शीद, खेवल निशा, कय्यूमुद्दीन, चंचल सैनी, हुस्न बानो, मो० साहिर, आशिक अब्बास, इनामुल हक, हबीब रजा एवं हाशिम अली सहित सभी 13 सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आधे बिहार में आंधी-बारिश, बगहा-मोतिहारी में गिरे ओले, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर के लिए रेड अलर्ट



**लोकतंत्र की शान : पटना।** देश के साथ बिहार में भी मौसम बदला है। पटना, बेतिया, मोतिहारी, जमुई, औरंगाबाद, बगहा समेत आधे बिहार में आंधी-बारिश हो रही है। बगहा और मोतिहारी में ओले भी गिरे हैं। राज्य के कई इलाकों में बादल छाए हैं। धूल भरी आंधी चल रही है। औरंगाबाद में तेज आंधी की वजह से CM की सभा में लगे पोस्टर भी फटे हैं। मौसम विभाग ने दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। 8 बजे के बाद यहां भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 38 जिलों में आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिसमें 10 जिलों में तेज बारिश के साथ ही 60KM/H की स्पीड से हवा चलने की संभावना है। वहीं, पटना सहित 28 जिलों में हल्की बारिश के साथ हवा चलने को लेकर यलो अलर्ट है। हल्की बारिश और बादल छाए रहने से पटना में आज 3 डिग्री तक तापमान गिर सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बदलाव के पीछे मुख्य कारण बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और एक सक्रिय ट्रफ लाइन है। इसके साथ ही दिन में बढ़ती गर्मी के कारण वातावरण में अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे आंधी-बारिश की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार, आंधी के दौरान हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है। इससे पेड़ों की टहनियां टूटने, होर्डिंग गिरने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### नशा तस्कर गिरफ्तार, स्मैक बरामद, गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली, पूछताछ कर नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली जिले में बढ़ती अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में बरांटी थाना की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक व्यक्ति को 18 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा बताया गया कि बरांटी थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 18 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सतीश राय, पुत्र चंदारिक राय, निवासी रंदाहा, थाना बरांटी, जिला वैशाली के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह इस स्मैक को कहां से लेकर आया था और इसका खरीदार कौन था। पुलिस अधीक्षक ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ इस अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए हैं और आम जनता से भी अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



### कर्ज से परेशान महिला ने दी जान, फाइनेंस वालों पर तंग करने का आरोप, गुस्साए ग्रामीणों ने कर्मी को पीटा

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र के राजखंड गांव में एक महिला ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कथित उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि महिला को कर्ज की किस्त चुकाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। मृतका की पहचान 30 वर्षीय दुर्गा देवी के रूप में हुई है, जो पवन महतो की पत्नी थीं। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और दो बेटे शामिल हैं। दुर्गा देवी ने कैशपा माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस बैंक से एक लाख रुपये का कर्ज लिया था। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि फाइनेंस कर्मी और समूह की महिलाओं ने दुर्गा देवी से कहा था, "तुम फांसी लगाकर मर जाओ, सारे रुपए माफ कर दिए जाएंगे।" परिजनों ने यह भी बताया कि इससे पहले उनका मोबाइल छीन लिया गया था और घर का कुछ सामान भी ले जाया गया था। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए फाइनेंस कर्मी अरविंद कुमार ने बताया कि सुबह ब्रांच मैनेजर महिला के घर आई थीं। हालांकि, उसने बातचीत की जानकारी होने से इनकार किया और कहा कि उसे यहां बुलाया गया था और उसकी पिटाई की गई है। मृतका के भाई शिवम कुमार ने आरोप लगाया की बहन ने एक लाख रुपए माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस कैशपा से लोन ली थी। समूह का किस्त जमा करने के लिए सुबह से ही बैंक के कर्मी और समूह की महिलाएं टॉर्चर कर रही थी। एक सर अरविंद कुमार नामक आए थे उन्होंने रुपए जमा करने का प्रेशर दिया था और बोले थे, फांसी लगाकर मर जाओ लोन माफ़ हो जाएगा, इसी लिए वे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। घटना की जानकारी मिली है तो घर आए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पति, जो पटना में सब्जी बेचते हैं, उन्हें घटना की जानकारी दे दी गई है। गरौल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मृतका की मां के बयान पर सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें से दो बैंक कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य चार लोगों में पति, सास, ससुर और परिवार के सदस्य शामिल हैं, जिनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस ने FSL टीम को बुलाया है और घटनास्थल से जुड़े तथ्य जुटाए हैं। बैंककर्मी की एक बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

### लव मैरिज के बाद हत्या कर दुपट्टे से लटकाया शव, मां बोली-पति बाइक की कर रहा था मांग

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र के माधवपुर राम गांव में एक नवविवाहिता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई है। आरोप है कि पति ने दहेज में अपाची बाइक न मिलने पर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद शव को दुपट्टे से घर के पीछे लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। मृतका के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। मृतका की पहचान 21 वर्षीय सुधा कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी दो साल पहले बेलसर थाना क्षेत्र के माधवपुर राम गांव निवासी चंदन कुमार के बेटे आर्यन कुमार से हुई थी। यह एक प्रेम विवाह था। मृतका की मां इंद्रावती देवी ने बताया कि उनकी बेटी ने दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के शुरुआती छह महीने तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन उसके बाद दामाद आर्यन कुमार लगातार पैसों की मांग करने लगा। मृतका की मां इंद्रावती देवी ने बताया कि मैं एक विधवा हूं, फिर भी अपनी क्षमता के अनुसार पैसे दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एक बार जब सुधा मायके आई थी, तो आर्यन उसे ससुराल ले जाने से इनकार कर रहा था। उसने दहेज में 8 लाख रुपए की मांग की थी। इसके बाद पूरी रकम लेने के बाद ही वो बेटी को वापस ससुराल ले गया था। मां ने बताया कि लगभग एक महीने पहले सुधा इंटर की परीक्षा देने के लिए मायके आई थी। इस दौरान पति आर्यन उस पर लगातार दहेज में अपाची बाइक लाने का दबाव बना रहा था। मां ने बाइक देने में असमर्थता जताई, जिसके बाद आर्यन उसे वापस ससुराल ले गया। इंद्रावती देवी का आरोप है कि आज उनकी बेटी की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सुधा के शरीर पर चोट के निशान थे और पेशाब नली से खून का रिसाव हो रहा था, जो हत्या की ओर इशारा करता है। मृतका की मां ने दामाद आर्यन पर एक अन्य लड़की से अफेयर होने का भी आरोप लगाया है।

# यूनियन बैंक में चोरी करते 3 बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ा

## ऑटोमेटिक चाकू और नशीले इंजेक्शन मिले, पटना में पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा

लोकतंत्र की शान , पटना



पटना के कृष्णापुरी इलाके के बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से ऑटो गैंग के 3 शातिर पकड़े गए हैं। इनकी पहचान नौबतपुर के मिथिलेश साव, मनेर के गोविंद कुमार और मैनपुरा के सन्नी कुमार के तौर पर हुई है। दरअसल शुक्रवार की सुबह थाने के पदाधिकारी गश्ती कर रहे थे। इसी बीच राजापुर पुल के पास एक संदिग्ध सीएनजी ऑटो सड़क किनारे यूनियन बैंक के पास खड़ा था। कुछ शातिर यूनियन बैंक के आउटडोर एसी को काटने के प्रयास में थे। पुलिस की गश्ती गाड़ी अपनी ओर आते देख ऑटो लेकर बोरिंग कैनल रोड होते हुए भागने लगे। इसके बाद थाने की पुलिस सकते में आ गई। चारों तरफ से उसे ऑटो को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू की गई। हनुमान मंदिर के पास ऑटो पकड़ा गया।

**आरोपियों के पास से कई सामान बरामदः** इनके पास से Pheniramine ip injection 8, Leegesic 2ml 10 , CNG ऑटो BR01PR3847, एक ऑटो मेटिक चाकू, पिलास, पेचकस और सलाई रिंच बरामद किये गए हैं। फिलहाल पुलिस पूछताछ के आधार पर उनके नेटवर्क को खंगाल में जुटी है। पुलिस की पूछताछ में बताया है कि दिन में ऑटो चलते थे, और इसी दौरान बैंक में लगे आउटडोर एसी की रेकी करते रहते थे। मौका मिलते ही रात या अहले सुबह आउटडोर AC काटकर फरार हो जाते थे। इसलिए जाकर किसी कबाड़ की दुकान में बेचकर उस के एवज में मिले रुपए से नशा वगैरह का सामान खरीदते थे।

**एलर्जी में कारगर है इंजेक्शनः** Pheniramine ip injection एक्सपर्ट की माने तो एक एंटीहिस्टामाइन है। जिसका अमूमन इस्तेमाल एलर्जी से संबन्धित बीमारियों में किया जाता है। त्वचा की सूजन, मोशन सिकनेस के इलाज में कारगर होता है। हालांकि इसका इस्तेमाल अब नशे के लिए भी युवा कर रहे हैं।

## सबका सम्मान—जीवन आसानः जनता दरबार में 22 आवेदनों की सुनवाई, त्वरित निष्पादन के निर्देश




लोकतंत्र की शान

**सहरसा, जिला संवाददाता, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिलाधिकारी श्री दीपेश कुमार की अध्यक्षता में "सबका सम्मान—जीवन आसान" (Ease of Living) कार्यक्रम के तहत आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम में आज कुल 22 आवेदनों की सुनवाई की गई। सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में प्राप्त सभी आवेदनों के शीघ्र एवं सम्यक निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। सुनवाई के दौरान नवहट्टा थाना क्षेत्र के निवासी श्री सोमकांत यादव ने भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया, जिसके समाधान हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया। वहीं, चिरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत सलखुआ अंचल के श्री अनुज महतो द्वारा भी भूमि विवाद का मामला उठाया गया, जिस पर कार्रवाई के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक पहल की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) श्री गणेश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईद पर 850 फोर्स के अलावा आरएएफ की तैनाती

लोकतंत्र की शान , पटना

शनिवार को पूरे देश में धूमधाम से ईद मनाई जाएगी। इसे लेकर पटना के गांधी मैदान में विशेष इंतेजामत किए गए हैं। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि पूरे जिले में 32 संवेदनशील जगहों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित किया गया है। 850 पुलिस बल और एक RAF की कंपनी पटना जिले को मिली है। सभी जगह पर CCTV कैमरे और ड्रोन से निगरानी रखी जायेगी। इसके अलावा पटना पुलिस की ओर से सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स की मॉनिटरिंग हो रही है।



- सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी, पटना में 32 संवेदनशील जगह, पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च

**पुलिस की ओर से फ्लैग मार्चः** पटना पुलिस की ओर से अलग-अलग थाना क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन किया गया है। मंदिर, मस्जिद, और चौक चौराहे पर फोर्स मौजूद है। थाना स्तर पर भी शोहागपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए स्थानीय समाजसेवियों के साथ बैठक कर के हिदायत दी गई है।

## बिहार दिवस 2026 की तैयारी तेजः 22 से 24 मार्च तक होंगे विविध कार्यक्रम, नीले बल्ब से सजेगा शहर

लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** बिहार दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को स्थानीय विकास भवन में जिलाधिकारी श्री दीपेश कुमार की अध्यक्षता में सभी जिलास्तरीय एवं तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 मार्च से 24 मार्च 2026 तक पूरे जिले में उत्साहपूर्ण माहौल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सभी सरकारी कार्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं सरकारी आवासों को नीले बल्ब से सजाने का निर्णय लिया गया है, जिससे बिहार दिवस की विशेष पहचान उभर कर सामने आए। इसके अलावा, विभिन्न विभागों जैसे सामाजिक सुरक्षा, कृषि, जीविका, उत्पाद, कला एवं संस्कृति तथा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और जनहित के कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय विकास भवन में स्टॉल लगाए जाएंगे। ये स्टॉल तीनों दिनों तक संचालित रहेंगे, जहां आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि बिहार दिवस के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री गौरव कुमार, अपर समाहर्ता श्री निशांत, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) श्री संजीव कुमार चौधरी, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) श्री गणेश कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती स्नेहा कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## सहरसा में गैस आपूर्ति सामान्य, कालाबाजारी पर सख्तीः छापेमारी में 22 सिलेंडर जब्त, FIR दर्ज

लोकतंत्र की शान


**सहरसा, मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाता।** सहरसा जिले में रसोई गैस (LPG) की आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला आपूर्ति शाखा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वर्तमान में जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य है और उपभोक्ताओं को समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। जानकारी के अनुसार, पहले जहां गैस बुकिंग और डिलीवरी के बीच औसतन 4.4 दिन का अंतर था, उसे घटाकर अब 3.8 दिन कर दिया गया है। जिले में पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। लंबित बुकिंग की स्थिति पर नजर रखते हुए बताया गया कि विभिन्न एजेंसियों के पास लंबित बुकिंग मौजूद हैं, जिनमें भारत गैस की आशा भारतगैस एजेंसी और एचपी गैस की गौरी शंकर एचपी गैस एजेंसी प्रमुख हैं। प्रशासन द्वारा इन बुकिंग्स के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 19 मार्च 2026 को कालाबाजारी के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सदर आपूर्ति पदाधिकारी के नेतृत्व में गंगजला क्षेत्र में छापेमारी की गई। यह कार्रवाई वार्ड संख्या 10 स्थित एक आवास और मिठाई की दुकान पर की गई, जहां अवैध भंडारण की सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान कुल 22 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए, जिनमें 12 एचपी, 4 इंडेन और 6 भारत गैस के सिलेंडर शामिल हैं। इसके साथ ही एक पुराना बिक्री रजिस्टर भी बरामद किया गया, जो एक गैस वितरक से संबंधित बताया गया है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 तथा एलपीजी वितरण से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही, पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर डिजिटल साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और आम उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।



## पटना में पिस्टल के साथ हथियार तस्कर अरेस्ट

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके के सवेरा हॉस्पिटल के पास से एक हथियार तस्कर को पकड़ा गया है। इसकी पहचान रोहित कुमार उर्फ बिट्टू के तौर पर हुई है। उसे सवेरा हॉस्पिटल के पास से पकड़ा गया। पुलिस अब तस्कर से पूछताछ कर तक किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई किया गया, इसकी भी जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, बिट्टू मनेर से हथियार लाकर राजेंद्र नगर पत्रकार नगर और चित्रगुप्त नगर के इलाके में डिलीवरी करता था। इसकी सूचना बहादुरपुर के थानेदार शुभम झा को लगी। इसके बाद उन्होंने चित्रगुप्त नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई। इसके बाद बुधवार को बहादुरपुर और चित्रगुप्त नगर के थानेदार सादे लिबास में सवेरा हॉस्पिटल के पास तस्कर का इंतजार करने लगे। जैसे तस्कर वहां पर पहुंचा, थानेदार ने उसे पकड़ने की कोशिश की। पकड़े जाने के दौरान आरोपी पुलिस को झटका देकर भागने लगा, लेकिन चित्रगुप्त नगर थानेदार ने पीछे से उसे पकड़ लिया। करीब 10 मिनट तक पुलिस और तस्कर के बीच गुत्थम-गुत्थी चलती रही। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई और कुछ शरारती तत्वों ने आरोपी को छुड़ाने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने आखिरकार उसे काबू में कर लिया।



- 10 मिनट तक पुलिस से झड़प, भीड़ ने छुड़ाने की कोशिश, राजेंद्र नगर में करता था सप्लाई

## पटना जू के मोबाइल ऐप, वेबसाइट का शुभारंभ, टिकट बुकिंग आसान

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना जू में विश्व गौरैया दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मोबाइल ऐप और वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस मोबाइल ऐप में आकर्षक फ्रंटएंड, टिकट बुकिंग, नेवीगेशन सुविधा, वन्यजीव और वनस्पति की सूचना, खोया पाया सुविधा, ऑडियो हेल्प और फीडबैक प्रणाली दिया गया है।

**नेविगेशन सुविधा के साथ कर सकेंगे टूर प्लानः** पटना जू के डायरेक्टर डॉ हेमंत पाटिल ने बताया कि, 'यह ऐप सभी पर्यटकों के लिए मददगार साबित होगा। साथ ही टिकट बुकिंग अब आसान हो जाएगी। कई सारे पर्यटक पटना जू पहली बार आते हैं। ऐसे में उन्हें समझ नहीं आता कि किस डायरेक्शन में जाना है। उनके लिए हमने नेविगेशन सुविधा इस ऐप में उपलब्ध करवाई है, जिसकी मदद से वह रास्ता नहीं भटकेंगे।'





**टिकट बुकिंग के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरीः** टिकट बुकिंग के लिए पर्यटकों को सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद घूमने के दिन की तारीख और समय डालकर पेमेंट करना होगा। टिकट जनरेट होकर QR कोड मेल पर और व्हाट्सएप पर आ जाएगा। अगर कोई पर्यटक लिमिटेड समय के लिए पटना जू में अपना टूर प्लान कर रहे हैं तो उसके लिए भी एक फीचर दी गई है।

## पीएमसीएच को मिली सीधे डीजल खरीद की अनुमति

लोकतंत्र की शान , पटना

पटना के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच में बिजली संकट को देखते हुए एक अहम प्रशासनिक फैसला लिया गया है। अब अस्पताल अधीक्षक को सीधे डीजल खरीदने का अधिकार मिल गया है। इस फैसले से बिजली ट्रिपिंग या कटौती होने पर जेनरेटर तुरंत चालू हो सकेगा, जिससे इमरजेंसी सेवाएं बिना किसी बाधा के जारी रहेंगी। पहले अस्पताल में उच्च क्षमता वाले जनरेटर उपलब्ध होने के बावजूद डीजल खरीद का अधिकार स्थानीय स्तर पर नहीं था। ईंधन की आपूर्ति के लिए बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता के कारण अक्सर देरी होती थी। इससे मरीजों का इलाज और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित होती थीं। अब नई व्यवस्था के तहत अस्पताल अधीक्षक अपने स्तर पर तत्काल निर्णय लेकर डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकेंगे। पीएमसीएच के पुनर्विकास के तहत निर्मित नए हॉस्पिटल टावर में आधुनिक सुविधाओं के कारण बिजली की मांग कई गुना बढ़ गई है। दर्जनों लिफ्ट, ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, सेंट्रल एसी, लाइटिंग और अन्य अत्याधुनिक उपकरणों के संचालन के लिए जेनरेटर की खपत काफी अधिक है।




पिछले कुछ समय से अस्पताल में बिजली ट्रिपिंग की समस्या गंभीर बनी हुई थी। कई बार नई इमारतों की उच्च क्षमता वाली लिफ्टें बीच में रुक जाती थीं, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों को असुविधा होती थी। इसके अलावा ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू जैसे संवेदनशील विभागों में बिजली की थोड़ी देर की बाधा भी मरीजों के इलाज को प्रभावित कर सकती थी।

**डीजल खरीद के लिए लंबी फाइल प्रक्रिया समाप्तः** इस नई व्यवस्था से कई लाभ होंगे। अब डीजल खरीद के लिए लंबी फाइल प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। बिजली आपूर्ति बाधित होते ही जेनरेटर तुरंत चालू करना संभव होगा, जिससे लिफ्ट, वेंटिलेटर, आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं में कोई रुकावट नहीं आएगी। साथ ही, तकनीकी समस्याओं का समाधान भी स्थानीय स्तर पर तेजी से किया जा सकेगा।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कहा कि, नए इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुरूप प्रशासनिक अधिकार मिलना जरूरी था। अब डीजल आपूर्ति के लिए बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता खत्म होगी।' उन्होंने कहा कि, 'डीजल की खपत भले अधिक हो, लेकिन मरीजों की सुरक्षा और इलाज की निरंतरता सबसे महत्वपूर्ण है। PMCH में रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में बिजली आपूर्ति की स्थिरता सीधे उनकी सुरक्षा से जुड़ी है।'

- बिजली कटने पर तुरंत चालू होगा जेनरेटर, बिना रूकावट मिलेंगी इमरजेंसी सेवाएं

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनानगरः तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, तीन घायल

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर के मॉडल टाउन क्षेत्र में देर रात एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर दूसरी गाड़ी से टकराई और एक फास्ट फूड दुकान में जा घुसी, जिससे वहां भी नुकसान हुआ। पुलिस के अनुसार, घायलों को तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच में तीनों के पैरों में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। शिकायत के आधार पर दर्ज मामले में बताया गया है कि तीनों युवक देर रात काम खत्म कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और आगे जाकर एक अन्य वाहन को भी टक्कर मार दी। इसके बाद कार पास की दुकान में घुस गई, जिससे संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत सहायता पहुंचाई और घायलों को अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### यमुनानगरः मीट मार्केट में युवक को चाकू मारकर किया घायल

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मीट मार्केट में बीती देर शाम एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां कुछ युवकों ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर और कंधों पर चोटें पाई गई हैं। मामले की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने दो परिचितों के साथ भोजन करने के लिए मीट मार्केट गया था। इसी दौरान पास की मेज पर बैठे कुछ युवक शराब का सेवन कर रहे थे। अचानक उनमें से एक ने आरोप लगाया कि उन्हें अपशब्द कहे जा रहे हैं। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हुई, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया, जबकि अन्य साथियों ने मारपीट की। हमले में घायल युवक को गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान उसका मोबाइल फोन और नकदी भी गायब हो गई, जिसे लेकर आशंका जताई गई है कि हमलावर अपने साथ ले गए। बताया गया कि मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। घटना के बाद आरोपी युवक धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### पंजाब में 28 मार्च को शुरू होंगे 100 नए मोहल्ला क्लीनिक : भगवंत मान

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ऐलान किया है कि राज्य में आगामी 28 मार्च को 100 नए मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे, जबकि 400 अन्य क्लीनिक खोलने की प्रक्रिया चल रही है। सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना में सारा इलाज निशुल्क है। किसी को किसी तरह का पैसा नहीं देना होगा। जितने लोगों के नाम कार्ड में लिखे गए हैं, उनका इलाज संभव होगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पंजाब सरकार के कार्यकाल के चार साल पूरे होने पर स्वास्थ्य विभाग पर रिपोर्ट पेश करने के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि होशियारपुर और कपूरथला मेडिकल कॉलेजों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्दी ही इनका काम शुरू हो जाएगा। मलेरकोटला में बनने वाले कम्युनिटी मेडिकल कॉलज के लिए जमीन एक्वायर करने की प्रक्रिया आखिरी चरण में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में दवाइयां फ्री दी जा रही हैं। अगर कोई दवाई की कमी होती है, तो एसएमओ खरीदकर देंगे। इसके लिए उन्हें फंड जारी किए गए हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो उन पर एक्शन होगा। सेहत मंत्री ने कहा कि पहले भी ऐसे अफसरों पर एक्शन भी हुआ है। आप हमें जानकारी दे सकते हैं। सीएम ने कहा कि 883 आम आदमी क्लीनिक राज्य में चल रहे हैं। 100 मोहल्ला क्लीनिक 28 मार्च को समर्पित कर दिए जाएंगे। 400 क्लीनिक और बनाए जा रहे हैं। 1400 क्लीनिक होजाएंगे। 94 फीसदी मरीजों ने क्लीनिक की सेवाओं पर संतुष्टि जताई है। क्लीनिक की ओपीडी पांच करोड़ पार कर गई है। 30 हजार गर्भवती महिलाओं का चेकअप हो चुका है। सीएम ने कहा कि पंजाब में तीन करोड़ जनसंख्या मुख्यमंत्री सेहत योजना के योग्य है। हर परिवार को दस लाख का इलाज दिया जा रहा है। अब तक 25 लाख परिवारों को रजिस्टर किया गया है। 1.60 लाख लोगों का इलाज हो चुका है। पंजाब सरकार ने योजना के लिए 2000 करोड़ का बजट रखा है, जबकि केंद्र ने आयुष्मान योजना के तहत 140 करोड़ लोगों के लिए 9300 करोड़ रुपये हैं। हमने तीन करोड़ के लिए दो हजार करोड़ रखा है। उसमें शर्तें लगाई होंगी। दिल, फेफड़े, आंखों और गुर्दे की बीमारियों का इलाज संभव है। सीएम ने कहा कि सेहत सुविधाओं के अलावा डॉक्टरों व स्टाफ की चार साल में अब तक इतनी भर्ती की गई, जितनी आजादी के बाद हुई। इस दौरान 948 डॉक्टर और 627 स्पेशल डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। यह कुल भर्ती का 35 फीसदी है। आजादी के बाद जितनी भर्तियां की गईं, उतनी हमने चार साल में कर दीं। 300 स्टाफ नर्स, 250 फार्मासिस्ट और 672 नर्सों की भर्ती चल रही है। सीएम ने कहा कि सात नए मदर चाइल्ड केयर केंद्र बन रहे हैं। इनकी क्षमता 250 बेड की रहेगी। वहीं, 15 अप्रैल तक सारे अस्पताल हॉटलाइन से जुड़ जाएंगे। सइके अलावा एमबीबीएस सीटें बढ़ी है।

# कवि सम्मेलनः देर रात तक चलता रहा लोकगीत और ठहाकों का दौर

**सेमरिया महोत्सव सीजन 5 सफलता पूर्वक हुआ आयोजन**

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय सेमरिया अंचल में अपना विंध्य चैनल के संपादक अंचित गौतम द्वारा साहित्यिक सृजन हेतु पांचवीं बार सेमरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य आतिथी विधायक सीधी रीति पाठक, कार्यक्रम के अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा गुड्डू एवं विशिष्ट अतिथि विश्वबंधु धर द्विवेदी, सरस्वती बहेलिया, एडवोकेट चंद्रमोहन गुप्ता, पुष्पराज सिंह, राजेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष, संतोष सिंह, सुरेश पांडेय, निशा संजय पांडेय एवं अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात लोकरंग कार्यक्रम के प्रारंभ में आकांक्षा त्रिपाठी के संचालन में सृजन मिश्रा, श्वेता द्विवेदी, रिया द्विवेदी, शुभी सिंह, श्रुति सिंह, दिव्या द्विवेदी, श्रद्धा मिश्र, श्लोक तिवारी, सत्यमधर, अष्टमधर, शुभम धर एवं सत्यदीप ने अपनी सामूहिक गायन की प्रस्तुति दी, जिसमें विंध्य क्षेत्र में जन्म से लेकर सभी संस्कारों में गाए जाने वाले गीतों को प्रस्तुत किया गया । ऋतु गीत एवं चैत्र नवरात्रि के प्रारंभ पर भगत के साथ लोकरंग का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । उसी क्रम में अलग अलग विधाओं पर कार्य कर रहे लोक कलाकारों को सम्मानित किया, जिसमें प्रमुख रूम से डॉ श्रीनिवास शुक्ला सरस, नरेंद्र बहादुर सिंह, रोशनी प्रसाद मिश्र, सृजन मिश्रा, तीन पांच टीम, एवं जंगल विभाग के स्नैक मैन पंकज मिश्रा को साहसिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को कार्यक्रम की यादों से जोड़ने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान की गई और काव्य पाठ के लिए कवियों को आमन्त्रित किया गया । जिसमें प्रमुख रूप से राजस्थान के हास्य कवि और पैरोडी किंग पार्थ नवीन , हाथरस उप्र से राणा मुनिप्रताप, रीवा के हास्य कवि कामता माखन, कटनी से श्रृंगार की कवयित्री प्रियंका मिश्रा और सीधी से अतुल उपाध्याय पटवारी ने अपने काव्य पाठ की आहुति दी। उक्त अवसर पर थाना प्रभारी केदार परोहा सहित अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों के सुरक्षा व्यवस्था में हजारों की संख्या में दर्शक देर रात बैठकर कर कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे।

## 100 मीटर रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे कुसमी के मुकेश गुप्ता

**विंध्य का लाल 22 मार्च को दुबई में दिखाएगा दम**

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** जिले के लिए गर्व और खुशी की बड़ी खबर सामने आई है। धौहनी विधानसभा क्षेत्र के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत निधिपुरी के प्रतिभाशाली युवा एथलीट मुकेश कुमार गुप्ता अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी रफ्तार का जलवा दिखाने जा रहे हैं। वे दुबई में आयोजित होने वाली फाइव इंटरनेशनल गेम इंडो एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जहा यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 22 मार्च को दुबई (यूएई) में आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न देशों के धावक हिस्सा लेंगे। ऐसे में छोटे से गांव निधिपुरी से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना न केवल मुकेश के लिए, बल्कि पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गया है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 40 लाख रुपए, द्वितीय स्थान को 30 लाख रुपए और तृतीय स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को 20 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 5 लाख रुपए से सम्मानित किया जाएगा। वही मुकेश कुमार गुप्ता की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सभी को उम्मीद है कि मुकेश अपनी मेहनत और लगन से देश और जिले का नाम रोशन करेंगे।

## नौढिया में हो रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा

**» यह संतो का प्रेम नगर है यहॉ सभलकर आनाजी**

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के सुअवसर पर कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित नौढिया में कल 19 जनवरी 2026 से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। प्रदेश एवं देश के प्रतिष्ठित कथा प्रवक्ता वृन्दावनोपासक पं बालाव्यंकटेश शास्त्रीजी महराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से प्रमुख यजवान भोला सिंह बघेल के माध्यम से कथा को आयाम देते हुए बताया कि जिस परिवार में कई जन्मों का पुण्य प्रताप संचित होता है तथा कृष्ण की कृपा होती है तभी भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।महराजजी ने कथा को विस्तार देते हुए बताया कि हमारे महामना शूत जी ने सोचा कि जब प्रकाश जलाना ही है तब जुगुनू नही वल्कि समस्त लोको को प्रकाशित करने वाले ग्रंथ अर्थातु श्रीमद्भागवत का प्रकाश ही प्रकीर्ण करना चाहिए। यह प्रकाश, शूत जी ने सन्तों के कल्याण के लिए प्रेम की भूमि मिथिला चित्रकूट और वृन्दावन में आलोकित किया है। महराज जी ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा को आरेखित करते हुए कहा कि यह कलयुग का एक कालजयी कल्पतरु है जिसमें किसी भी झंझावात और बबंडर का कुप्रभाव नही पडता है। महराज जी ने सहज सरल भावार्थ के साथ कथा का पान कराया जिससे सभी श्रद्धालु श्रोतागण भक्ति गंगा में गोता लगाते रहे। इस अवसर पर डॉ रामसुशील शुक्ल, अंजनी सिंह सौरभ गीत कवि,पटवारी उपेन्द्र सिंह बघेल तथा डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार आदि की उपस्थित विशेष उल्लेखनीय रही। नौढिया की यह कथा 19मार्च से 25मार्च तक दोपहर 3बजे से प्रतिदिन चलती रहेगी।

## रंगनाथनगर पुलिस ने 12 घंटे के अंदर चोरी गई बुलैट गाडी को आरोपी समेत पकडा भेजा गया जेल

लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश




**कटनीः** रंगनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिवस बुलेट वाहन चोरी की सुचना मिली सुचना मिलते ही रंगनाथ पुलिस ने वाहन की सर्चिंग शुरू कर दी थी जिसके कुछ घंटो बाद पुलिस को सफलता मिल गई जानकारी के अनुसार 18 मार्च को प्रार्थी राजेश कुमार तिवारी पिता राम भुवन तिवारी उम्र 54 साल नि.मदन मोहन चौबे वार्ड हनुमान मंदिर के बगल से थाना रंगनाथगर कटनी का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि 18 मार्च को दोपहर 01.41 बजे मेरी बुलेट काले नीले रंग की क्र. MP 21 MA 3766 जो घर के बाहर खड़ी थी और गाडी में चाबी लगी छूट गई थी मै घर के अंदर आंगन की सफाई कर रहा था सफाई करने के बाद जब मै बाहर आकर देखा तो मैंने अपनी गाडी जहा पर खडी की थी वहा पर नही थी मै अपनी गाडी की तलाश आस पास की लेकिन मेरी गाडी का कोई पता नही चला मेरी गाडी को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जाकर वरिष्ट अधिकारियो को सूचना देकर द्वारा तुरंत ही टीम गठित की जाकर शहर के विभिन्न स्थानो में रवाना किया गया जो कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी शुभम पटेल पिता प्रदीप पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी शंकर भटिया तेवरी थाना स्लीमनाबाद कटनी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गई बुलेट काले नीले रंग की क्र. MP 21 MA 3766 को जप्त कर आरोपी को जेल भेजा गया । आरोपी शुभम पटेल को थाना स्लीमनाबाद में पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल भेजा जा चुका है । कार्यबाही मे उप.निरी. अरूणपाल सिंह, सउनि बहादुर सिंह, सउनि अनिल तिवारी, प्र.आर.अजय तिवारी, प्र.आर.पवन पाठक, प्र. आर.प्रमोद सिंह, प्र.आर. रामनरेश शुक्ला प्र.आर.लालजी यादव,आरक्षक वीरेन्द्र एनआरएस संदीप, रमजान की सराहनीय भूमिका रही ।

## मझौली थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**» शान्ति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की गई अपील**

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** चैत्र नवरात्रि एवं ईदुल फितर आदि में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार को एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी के विशेष उपस्थिति व थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा के नेतृत्व में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनों से क्षेत्र में नवरात्रि व ईदुल फितर के अवसर पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था के लिए जानकारी तथा सुझाव लिया गया। तदुपरांत एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी द्वारा शांति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि त्योहारों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है जिसके लिए आप लोगों का सहयोग आवश्यक है। वहीं थाना प्रभारी मझौली उपनिरीक्षक विशाल शर्मा द्वारा लोगों के सुझाव उपरांत शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस व्यवस्था को लेकर जानकारी व सुझाव प्राप्त कर सहयोग करने की अपील की गई है एवं अस्वस्थ किया गया है कि आप लोगों के सुझाव अनुसार पुलिस व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अशांति फैलाने वाले लोग बक्से नहीं जाएंगे इसलिए आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को अवगत करा शांत व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। नवरात्रि एवं ईदुल फितर पर्व पर शान्ति व व्यवस्था लेकर एसडीएम मझौली द्वारा विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए अपने दायित्वों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष सुधीन्द्र शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण तिवारी, नगर अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य कृष्ण लाल छोटू पयासी, डांगा सरपंच एडवोकेट अखिलेश जायसवाल, वरिष्ठ जनों में यमुना प्रसाद वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष कुसमी भूपाल सिंह, प्रदीप दीक्षित, राजेश सिंह रज्जे, अशोक द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित अखिलेश पाण्डेय, रामसखा शर्मा, सरपंच छवारी खान, पाड मनीष विश्वकर्मा, जगतभान यादव, दिवाकर उर्मलिया, एंड. संजय सिंह, आकाश सिंह चन्देल, गिरजा तिवारी, रजनीश कुमार गुप्ता, अभिषेक सिंह शनी, प्रशासनिक अमला में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मझौली, डाक्टर राकेश तिवारी, विद्युत विभाग कर्मचारी पटेल, अधिवक्ता गण, क्षेत्रीय पत्रकार, जनप्रतिनित एव लोग शामिल रहे।

## ग्राम पंचायत विलायत कला में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ

लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश

**कटनीः** विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत विलायत कला में गुरुवार को ग्राम पंचायत विलायत कला में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत, विकासखंड एवं समस्त विभागों की सहभागिता के साथ म.प्र. जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिया व परिषद की बड़वारा सेक्टर नवांकुर संस्था उजाला फाऊंडेशन महगवां बरछैका मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्श दाता धनीराम कुशवाहा स्टूडेंट सरस्वती स्वाति, विकास, कविता अनुश्रेया इंटर्नशिप स्टूडेंट् बबीता सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकासाथ ही आजीविका मिशन सोसाइटी समूह की महिलाएं ग्रामवासियों का बड़ी संख्या में जनसहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग किया। कार्यक्रम की शुरुआत बड़वारा विधानसभा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह एवं ग्राम पंचायत विलायत उप सरपंच कुशवाहा ,जनपद पंचायत बड़वारा सीईओ एवं तहसीलदार के सानिध्य में ग्राम के प्राचीन मढिया में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात ग्रामवासियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान करते हुए बावड़ी की साफ-सफाई की तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।




# नियमों को ताक पर रखकर चल रही बस पर यातायात पुलिस का डंडा




लोकतंत्र की शान

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं यातायात थाना प्रभारी उनि भूपेश बैस के नेतृत्व में सीधी पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा और अवैध वाहनों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस ने एक ऐसी बस को जब्त किया है, जिसका रजिस्ट्रेशन महीनों पहले निरस्त किया जा चुका था, फिर भी वह यात्रियों की जान जोखिम में डालकर सडक़ों पर संचालित हो रही थी। नियमित वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस टीम नें बस क्रमांक एमपी 44 जेडडी 0244 को रोककर दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान बस चालक द्वारा वाहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। है।

**» नीमच आरटीओ से निरस्त रजिस्ट्रेशन के बावजूद सडक़ों पर दौड़ रही थी बस**

### गंभीर उल्लंघन का खुलासा

तकनीकी जांच और रिकॉर्ड खंगालने पर एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि उक्त बस का रजिस्ट्रेशन आरटीओ/डीटीओ नीमच द्वारा सितंबर 2025 में ही स्थायी रूप से कैंसिल निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद बस संचालक नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए इसे सिंगरौली से सीधी मार्ग पर धड़ल्ले से संचालित कर रहे थे।

### कठोर कानूनी कदम

वैध रजिस्ट्रेशन न होने और नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए। वाहन को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। संबंधित मामले की विस्तृत रिपोर्ट आरटीओ कार्यालय एवं न्यायालय को प्रेषित की गई है। वाहन स्वामी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही

# राज्य आनंद संस्थान द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय खुशहाली दिवस

**» अंतरराष्ट्रीय खुशहाली दिवस पर आयोजित हुई संगोष्ठी**

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर राज्य आनंद संस्थान द्वारा जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि प्रवेश मिश्रा महिला बाल विकास अधिकारी एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक, रजनीश मिश्र की विशेष उपस्थिति में सोशल मीडिया और हैप्पीनेस विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रवेश मिश्रा ने कहा कि राज्य आनंद संस्थान का यह दृढ़ विश्वास है कि खुशहाली कोई बाहरी वस्तु नहीं बल्कि आंतरिक स्वाभाविक अवस्था है। जीवन में खुशहाली को खरीदा नहीं जा सकता, खुशहाली अर्जित की जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का जीवन में सकारात्मक तभी संभव है जब हम स्वयं की दृष्टि को सकारात्मक बना सके । अनिल पाठक ने खुशहाली के आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में खुशहाली आंतरिक शांति को बढ़ावा देती हैं। खुश रहने के लिए कोई विशेष प्रयोजन का होना आवश्यक नहीं होना चाहिए बल्कि स्वयं को मजबूत और शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए खुश रहना चाहिए। सोशल मीडिया भी मनोरंजन और खुश रहने का संसाधन है लेकिन इसकी उपयोगिता कि सीमा हमें खुद निर्धारित करनी पड़ेगी। प्रकृति या वैज्ञानिक तकनीक से प्राप्त संसाधनों का उपयोग हमारे और समाज के लिए उपयुक्त है इसका सदैव स्मरण रखना होगा । रजनीश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तनाव से मुक्त होकर क्षमता और निष्ठा के साथ काम करने से वास्तविक आनंद मिलता है। आनंद के कई स्वरूप और साधन हो सकते हैं और आनंद के आयाम, हमारे सुख- दुःख के बीच हुए अंतर को समझने से पता चलता हैं। राज्य आनंद संस्थान, मध्य प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली को प्रोत्साहित करने के लिए सतत प्रयासरत है। इस दौरान परामर्शदाता अमित कुमार गौतम "स्वतंत्र", रजनीश मिश्रा, अजीत वर्मा, विनय तिवारी, अश्वनी पटेल, पूजा पाण्डेय, समाजसेवी राजेश्वरी सिंह सहित सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एअर इंडिया ने दिल्ली से कनाडा गलत फ्लाइट भेजी, 7 घंटे बाद चीन के एयरस्पेस से लौटी

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस कंपनी एअर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट AI-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। दरअसल, एअर इंडिया ने यात्रियों को गलती से बोइंग 777-200 LR फ्लाइट में भेज दिया था, जबकि कनाडा में उसे केवल बोइंग 777-300 ER भेजने की इजाजत है। एविएशन नियमों के तहत अलग-अलग देशों में अलग-अलग विमान मॉडल के लिए इजाजत होती है। कनाडा ने एअर इंडिया को सिर्फ B777-300 ER के लिए मंजूरी दी है, न कि LR वर्जन के लिए। गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद तुरंत विमान को वापस बुला लिया गया। फ्लाइट ने गुरुवार सुबह 11:34 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी और शाम 7:19 बजे वापस दिल्ली लैंड किया। विमान में दिल्ली से कनाडा जाने वाले 300 से ज्यादा यात्री मौजूद थे। एअर इंडिया ने इस घटना को ऑपरेशनल इश्यू बताया और कहा कि सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। यात्रियों को होटल की सुविधा दी गई और उन्हें अगली सुबह यानी 20 मार्च को दूसरी फ्लाइट से वैंकूवर के लिए रवाना किया गया। सूत्रों के मुताबिक, इस गलती को गंभीरता से लिया गया है और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जा सकती है। जानकारी के अनुसार, एक बोइंग 777 विमान हर घंटे करीब 8-9 टन फ्यूल खर्च करता है, ऐसे में यह गलती एयरलाइन के लिए काफी महंगी साबित हुई है। बोइंग 777 जैसे बड़े विमान के लिए, 8 टन (8,000 किलोग्राम) जेट ईंधन की कीमत मौजूदा दरों के आधार पर लगभग 7 लाख से 9 लाख के बीच हो सकती है। ऐसे में 7 घंटे हवा में रहने के दौरान एअर इंडिया फ्लाइट में करीब 60 लाख रुपए का फ्यूल खर्च हुआ।




### गुजरात में गैस की किल्लत, प्रवासी मजदूर गांव लौट रहे, लोग बोले- सिलेंडर 5 हजार में मिल रहा

**सूरत।** देश में एलपीजी गैस कि कमी से चलते गुजरात से अब प्रवासी मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। सूरत के रेलवे स्टेशनों पर बिहार और यूपी लौटने वाले लोगों की लाइनें लगी हैं। दरअसल, रसोई गैस की कमी के चलते राज्य में रेस्टोरेंट-ढाबा और दूसरे खाने-पीने के स्टॉल चलाने वालों का रोजगार ठप होने लगा है। इनके अलावा यूपी-बिहार के हजारों स्टूडेंट्स भी अपने घर लौट रहे हैं। लोगों ने बताया कि छोटे सिलेंडर के लिए पहले गैस 100 किलो मिलती थी, लेकिन अब 300-400 किलो मिल रही है। वहीं, घरेलू सिलेंडर के रेट 5 हजार पहुंच गए हैं। फ्लैट में चूल्हा जलाने पर मनाही है। ऐसे में हम लोगों के सामने भूखा मरने की नौबत आ गई है। टेक्सटाइल और डायमंड हब होने के चलते सूरत शहर में यूपी-बिहार में लाखों की संख्या में श्रमिक रहते हैं। ये लोग रोज कमाकर खाने वाले हैं और छोटे किराये के कमरों में रहते हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के पास आधिकारिक गैस कनेक्शन नहीं होता है। इनके परिवार छोटे गैस सिलेंडर पर ही निर्भर हैं। लेकिन, अब गैस की कमी के चलते इनके चूल्हे नहीं जल पा रहे हैं। और लोग अपने गांव वापस लौट रहे हैं।



### बिश्नोई सभा के पोस्टर से कुलदीप का नाम-फोटो गायब, सैलजा को चीफ गेस्ट बुलाया

**हिसार।** हरियाणा में बिश्नोई सभा के पोस्टर से पूर्व मंत्री कुलदीप बिश्नोई का नाम गायब होने से एक बार बिश्नोई परिवार को झटका लगा है। पंचकूला के बिश्नोई मंदिर में स्थापना दिवस पर कुलदीप नहीं पहुंचेंगे। साथ ही प्रोग्राम के पोस्टर से उनका फोटो तक गायब है। प्रोग्राम में पूर्व CM चौधरी भजनलाल की मूर्ती का भी अनावरण किया जाएगा। पहले इसकी अध्यक्षता खुद कुलदीप करने वाले थे, लेकिन सीएम नायब सैनी के प्रोग्राम में न आने के कारण यह कार्यक्रम रद्द हो गया था। अब 22 मार्च को होने वाले इस प्रोग्राम में कुमारी सैलजा को बतौर मुख्य अतिथि बुलाया गया है। हालांकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अब उनके बड़े भाई विधायक चंद्रमोहन करते नजर आएंगे। इस पोस्टर को खुद पंचकूला बिश्नोई मंदिर की ओर से जारी किया गया है। हालांकि बिश्नोई सभा पंचकूला के प्रधान लीलूराम गोदारा का कहना है कि विदेश में होने के कारण कुलदीप बिश्नोई मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में नहीं आ रहे हैं मगर वह जागरण में आएंगे। इससे पहले ये प्रोग्राम 3 जून 2025 को पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की 14वीं पुण्यतिथि पर होना था, मगर अचानक सीएम सैनी का दौरा रद्द होने के कारण कार्यक्रम स्थगित हो गया। इस कार्यक्रम के लिए पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई और बेटे पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई सहित पूरा परिवार तैयारी में लगा था। लोगों को निमंत्रण भी दिए जा चुके थे। कुलदीप ने खुद इसकी कमान संभाल रखी थी।

### लिव-इन में रहने के बाद रेप का आरोप गलत, एमपी हाईकोर्ट ने व्यापारी को किया बरी

जबलपुर। दो वयस्क महिला-पुरुष यदि अपनी मर्जी से लिव-इन में रहते हैं। आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं, लेकिन बाद में विवाद होने पर यदि महिला रेप की शिकायत दर्ज कराती है तो यह उचित नहीं है। यह कहते हुए एमपी हाईकोर्ट ने रेप केस में फंसे कटनी के कपड़ा व्यापारी को राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ थाने में दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने यह फैसला 17 मार्च को सुनाया। मामला कटनी के कपड़ा व्यापारी मुकेश ठाकुरानी से जुड़ा है। इनके खिलाफ एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी और तलवार के बल पर रेप किया। कटनी के माधव नगर निवासी मुकेश ठाकुरानी (35) कपड़ा व्यवसायी हैं। वर्ष 2003 में उनका विवाह हुआ। उनके दो बच्चे हैं। 5 मई 2019 को किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया, जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई और पति के खिलाफ दहेज व भरण-पोषण का केस दर्ज कर दिया। इसी बीच 10 मई 2019 को कोर्ट के काम के दौरान मुकेश की मुलाकात कटनी में रहने वाली 24 वर्षीय युवती से हुई। वह भी अपने पति के खिलाफ चल रहे मुकदमे के सिलसिले में कोर्ट आती थी। कोर्ट में दोनों की अकसर बातचीत होने लगी। युवती ने बताया कि उसका पति उसे परेशान करता है, जिसके खिलाफ उसने शिकायत दर्ज कराई है। मुकेश के वैवाहिक विवाद की जानकारी मिलने पर वह उसके और करीब आ गई। दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई। युवती का कहना था कि अब सरकार भी लिव-इन रिलेशन को मान्यता देती है, इसलिए वे साथ रह सकते हैं। आगे चलकर दोनों अपने-अपने जीवन साथियों से तलाक लेकर शादी कर सकते हैं। इसके बाद दोनों गोवा, भेड़ाघाट और मैहर घूमने भी गए।

### ईरानी सेना ने होर्मुज जलमार्ग से नेपाली युवक को हिरासत में लिया

**काठमांडू।** ईरान और इजराइल में बढ़ते तनाव के बीच खाड़ी क्षेत्र के रणनीतिक जलमार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से एक नेपाली युवक को ईरानी सुरक्षा बलों ने हिरासत में ले लिया है। विदेश मंत्रालय में शुक्रवार को एक पत्रकार सम्मेलन में पश्चिम एशिया महाशाखा प्रमुख रामकाजी खड़का ने इस घटना की पुष्टि की। उनके अनुसार इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प ने इजराइल से संबंध होने का दावा करते हुए एक जहाज को होर्मुज जलमार्ग से अपने नियंत्रण में लिया था। जहाज में मौजूद सभी क्रू मेंबरों को ईरानी सेना ने हिरासत में लिया है, जिनमें जनकपुर के अमृत झा भी शामिल हैं। अमृत झा उस जहाज में तकनीकी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। मंत्रालय ने बताया कि झा के परिवार ने उनसे संपर्क टूटने के बाद उनकी खोज के लिए आवेदन दिया है। इसके बाद तेहरान स्थित नेपाली दूतावास के माध्यम से उनकी स्थिति की जानकारी लेने और रिहाई के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अमृत झा की तरह कई नेपाली नागरिक अंतरराष्ट्रीय मर्चेंट नेवी या बड़े कार्गो जहाजों में कुक, मैकेनिक और सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं।

# कार के पुर्जों के कारखाने में लगी आग, 50 लोग झुलसे

**एजेंसी, सियोल**

दक्षिण कोरिया के मध्य शहर डेजॉन में कार के पुर्जों के एक कारखाने में लगी आग से कम से कम 50 लोग झुलस गए हैं। इनमें से 35 की हालत गंभीर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गृह मंत्रालय और अग्निशमन एजेंसी को राहत और बचाव कार्य के लिए आपातकालीन निर्देश दिए हैं।

द कोरिया टाइम्स और द कोरिया हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को मध्य शहर डेजॉन में कार के पुर्जों के एक कारखाने में आग लग गई। इस दौरान कम से कम 50 लोग झुलस गए। आग लगने की सूचना दोपहर करीब 1:17 बजे मिली। इसके बाद राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने देशव्यापी अग्निशमन अभियान का आदेश जारी कर दिया। यह आदेश तब दिया जाता है, जब आग का दायरा स्थानीय प्रशासन की अग्निशमन क्षमता से कहीं अधिक होता है।



प्रधानमंत्री किम मिन-सियोक के कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि गृह मंत्रालय और अग्निशमन एजेंसी को आपातकालीन निर्देश दिए हैं कि लोगों को बचाने और आग बुझाने के लिए उपलब्ध सभी उपकरणों और कर्मचारियों का इस्तेमाल किया जाए। पीएमओ ने डेजॉन मेट्रोपॉलिटन सरकार और पुलिस को यातायात नियंत्रण और निकासी के उपाय लागू करके यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि आगे कोई और नुकसान न हो।

डेजॉन फायर मुख्यालय के अनुसार यह आग डेजॉन के मुनप्योंग-डोंग स्थित कारखाने में लगी। दमकल अधिकारियों ने दमकलकर्मी आग बुझाने के अभियान में जुटे हुए हैं। पड़ोसी शहरों से दमकल वाहन और कर्मचारियों को बुलाया गया है। आग पर काबू पाने के लिए कुल 46 वाहन और 115 कर्मियों को तैनात किया गया है। आपातकालीन दल आग पर काबू पाने के साथ-साथ नुकसान के दायरे का आकलन करने में जुटे हुए हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## अमेरिका ने दिया ईरानी तेल पर प्रतिबंध हटाने का संकेत

**एजेंसी, वाशिंगटन/दुबई**

अमेरिका-इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान के खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों को श्रृंखलाबद्ध निशाना बनाने से हड़कंप मचा हुआ है। इससे कच्चे तेल की कीमत और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है। कतर की रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी पर हुए ईरानी हमले से वाशिंगटन तक अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होता दिख रहा है। अमेरिका ने ईरानी तेल पर प्रतिबंध हटाने का संकेत दिया है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इस हलचल के बीच अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहा है। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन उस ईरानी तेल पर से प्रतिबंध हटा सकता है, जो पहले से ही जहाजों में लोड हो चुका है। इसकी वजह यह है कि फारस की खाड़ी के पार ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर ईरान के बढ़ते हमलों से बड़े ऊर्जा संकट की आहट आनी शुरू हो गई है। हालांकि रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी पर हमले के बाद ट्रंप ने धमकी दी कि अगर ईरान ने दोबारा कतर पर हमला किया, तो



वह ईरान के साउथ पार्स गैस भंडारों को उड़ा देगा। उल्लेखनीय है कि रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी में दुनिया की सबसे बड़ी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) सुविधा है।

ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ईरान के लगभग 140 मिलियन बैरल तेल पर से प्रतिबंध हटा सकता है। यह जहाजों में लोड हो चुका है। अमेरिका ऐसा पहले रूसी तेल के साथ भी कर चुका है। प्रशासन ने कहा कि इस कदम से केवल उस कच्चे तेल का रास्ता बदलेगा जिसे ईरान पहले से ही चीन को रियायती दर पर बेच रहा है। इससे वह बाजार मूल्य पर एशिया के अन्य देशों तक पहुंच सकेगा। बेसेंट ने माना कि अगर अमेरिका ईरानी तेल पर से प्रतिबंध हटाता है तो उसकी कीमत बाजार मूल्य तक पहुंच जाएगी और वह चीन के अलावा अन्य जगहों पर बिकेगा।"

## लंदन में 2 भारतीयों ने सड़क पर पान थूका, डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लंदन के ब्रेंट इलाके में सार्वजनिक जगह पर पान थूकने के मामले में भारतीय मूल के दो लोगों पर 1,391 पाउंड (करीब 1.45 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों लोगों को पहले मौके पर ही 100 पाउंड का जुर्माना भरने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इसे नहीं भरा। इसके बाद मामला कोर्ट पहुंच गया और जुर्माना कई गुना बढ़ गया।

ब्रेंट सिटी काउंसिल ने पान थूकने के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि इससे सार्वजनिक जगहें गंदी होती हैं और सफाई पर काफी खर्च बढ़ जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, काउंसिल को हर साल करीब 30,000 पाउंड (लगभग 30 लाख रुपये) सिर्फ पान के दाग साफ करने में खर्च करने पड़ते हैं।

पहला मामला एडगवेयर इलाके के रहने वाले अक्षीतकुमार भद्रे पटेल का है। उन्होंने जून 2025 में किंग्सबरी रोड पर एक मेट्रो स्टेशन के पास पान थूका था। वे कोर्ट में पेश नहीं हुए, इसलिए उनके खिलाफ फैसला उनकी गैरमौजूदगी में ही सुनाया गया। समय पर जुर्माना न भरने के कारण उनकी रकम 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई।

दूसरा मामला रुइसलिप इलाके के रहने वाले हितेश पटेल का है। उन्होंने वेम्बली हिल रोड पर पान थूका था। वे भी कोर्ट में पेश नहीं हुए और उनके खिलाफ भी गैरहाजिरी में ही फैसला हुआ, जिससे उन पर भी भारी जुर्माना लगा।


उत्तर-पश्चिम लंदन के ब्रेंट और आसपास के इलाकों में पान थूकने की समस्या बढ़ रही है, जिस पर स्थानीय प्रशासन सख्त हो गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पान के दाग हटाना मुश्किल और महंगा होता है, इसके लिए खास तरीके से सफाई करनी पड़ती है। काउंसिल ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है। इसके तहत जगह-जगह चेतावनी वाले बैनर लगाए जा रहे हैं, अधिकारी गश्त कर रहे हैं और मौके पर ही 100 पाउंड तक का जुर्माना लगाया जा रहा है।

# ममता का ऐलान- एससी-एसटी महिलाओं को हर महीने 1700 देंगे, बाकी को 1500 मिलेंगे

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (TMC) की प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। ममता ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि 500-500 रुपए बढ़ाने का वादा किया है। मेनिफेस्टो को मुताबिक, अगर ममता की सरकार बनी तो बंगाल में जनरल कैटेगरी की महिलाओं को हर महीने 1500 मिलेंगे। अभी बंगाल सरकार जनरल कैटेगरी की महिलाओं को 1000 हर महीने देती है। वहीं SC/ST महिलाओं को 1700 प्रति माह दिया जाएगा। अभी SC/ST महिलाओं को 1200 रुपए मिलते हैं। इसके अलावा ममता ने बेरोजगार युवाओं को 1500 प्रति माह देने का ऐलान किया है। हर परिवार को पक्का घर और हर घर में नल से पीने का साफ पानी पहुंचाने का वादा किया है।

**TMC ने 18 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की, इनमें ममता, अभिषेक शामिलः** तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के समर्थन में 18 स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की है। इस लिस्ट में ममता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शामिल हैं।




**ममता ने कहा- हर बूथ स्तर पर कैंप लगाकर मेडिकल सुविधाएं दी जाएंगीः** ममता ने कहा कि राज्य में 'दुआरे चिकित्सा' (घर-घर स्वास्थ्य सेवा) शुरू की जाएगी। इसके तहत हर बूथ स्तर पर कैंप लगाकर लोगों को मेडिकल सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि हजारों स्कूलों को ई-लर्निंग सुविधाओं से आधुनिक बनाया जाएगा। साथ ही आने वाले समय में 7-8 नए जिले, ब्लॉक और नगरपालिकाएं बनाने की योजना भी है।

**ममता बोलीं- राज्य में अघोषित राष्ट्रपति शासन शासनः** CM ममता बनर्जी ने कहा, 'जो लोग यहां चुनाव पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) के तौर पर तैनात किए गए हैं, वे इस क्षेत्र या राज्य को नहीं जानते। उन्हें राज्य के बारे में कुछ भी पता नहीं है। ऐसे में वे अपने कर्तव्य कैसे निभा सकते हैं। राष्ट्रपति शासन को अघोषित राष्ट्रपति शासन से बदल दिया गया है। मोदीजी, आप यहां अघोषित राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि वे बंगाल से जलते हैं। उन्होंने पूरे सिस्टम को पटरी से उतार दिया है।"

❑ **टीएमसी घोषणापत्र में पक्के घर, बेरोजगारों को सालाना 18 हजार का वादा**

**ममता ने कहा- मोदी सरकार दोबार सत्ता में नहीं आएगीः** मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा- हम चुनाव के दौरान कई तरह की साजिशें देखते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। इस चुनाव के बाद परिसीमन (डिलिमिटेशन) होगा, लेकिन मोदी सरकार दोबारा सत्ता में नहीं आएगी, क्योंकि लोगों को बीजेपी सरकार पसंद नहीं है। इसके कारण हैं एनआरसी और परिसीमन है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 300 ईवी बसों को दिखाई हरी झंडी, नानकसर–गाजियाबाद बस सेवा शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ बस डिपो से 300 नई ईवी बसों को हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। इसके साथ नानकसर–गाजियाबाद के बीच नई अंतरराज्यीय बस सेवा शुरूआत, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के नए कार्यालय भवन का शिलान्यास और ईवी इंसेंटिव पोर्टल की शुरुआत करते हुए इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के 12,877 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह रहे।




मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये पहलें दिल्ली को स्वच्छ, किफायती, सुरक्षित और भविष्य के लिए तैयार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ग्रीन ट्रांसपोर्ट न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन को अधिक सहज और सुविधाजनक बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले डीटीसी भारी घाटे में चल रही थी, लेकिन अब सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण यह धीरे-धीरे वित्तीय संतुलन की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में डीटीसी की स्थिति काफी कमजोर हो गई थी, जहां संचालन में अनियमितताएं थीं और संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। उनकी सरकार ने इन व्यवस्थागत कमियों को दूर करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा बस डिपो के आधुनिकीकरण, आईएसबीटी के पुनर्विकास, डीटीसी कार्यालय के निर्माण, ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना और प्रदूषण जांच प्रणाली (पीयूसीसी) को सुदृढ़ करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। पिछली सरकारों की वित्तीय देनदारियों को भी वर्तमान सरकार द्वारा जिम्मेदारीपूर्वक पूरा किया जा रहा है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के संदर्भ में कहा कि पूर्व में घोषित योजनाओं के बावजूद लाभार्थियों को समय पर सब्सिडी प्राप्त नहीं हुई थी। वर्तमान सरकार ने इस स्थिति को सुधारते हुए पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से पहले चरण में 12,800 से अधिक लाभार्थियों के खातों में लगभग 24 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता को उनके अधिकारों का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के प्राप्त हो।

♦ **सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन सब्सिडी के 12,877 लाभार्थियों को 24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की वितरित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा सार्वजनिक परिवहन तंत्र विकसित करना है, जो सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल हो। उन्होंने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए शुरू की गई नई बस सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

## गोदावरी नदी में नहाने गए इंजीनियरिंग के 5 छात्र लापता

**एजेंसी, हैदराबाद**

तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल भद्राचलम के पास गोदावरी नदी में नहाने गए इंजीनियरिंग के पांच छात्र लापता हो गए हैं। ये सभी छात्र एसआरएम इंजीनियरिंग कॉलेज अमरावती में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, यह घटना आंध्र प्रदेश के कुकुनूर मंडल के वेलैरु क्षेत्र में तब घटित हुई, जब सात छात्रों का एक समूह शुक्रवार को गोदावरी नदी के किनारे घूमने और फोटो खींचने गया था। इसी दौरान पानी में उतरते समय गहराई का सही अंदाजा न लग पाने के कारण वे अचानक फिसल गए और तेज धारा में बहने लगे। इस हादसे में पांच छात्र डूब गए, जबकि दो छात्र किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे।

छात्रों के समूह में श्रीकर, अभिलाष, हर्षा, दीपक, तेजा, सतीश और नवदीप शामिल थे। इनमें से अभिलाष और श्रीकर सुरक्षित बाहर आ गए, जबकि बाकी पांच छात्र अब भी लापता हैं। बताया गया है कि सभी छात्र एक दिन पहले श्री सीतारामचंद्र स्वामी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे और अगले दिन नदी किनारे घूमने गए थे।

❑ **सात छात्रों का एक समूह शुक्रवार को गोदावरी नदी के किनारे घूमने और फोटो खींचने गया था**

कोठागुडेम पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और विशेषज्ञ तैराकों की टीम मौके पर पहुंच गई और लापता छात्रों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। खबर लिखे जाने तक किसी भी छात्र के बरामद होने की पुष्टि नहीं हुई है।

इस दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी या जलाशयों के पास जाते समय विशेष सतर्कता बरतें और गहरे पानी में उतरने से बचें, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक भी उपलब्ध : केन्द्र सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया के हालात के बीच देश की सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। घरेलू एलपीजी उत्पादन स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। लगभग 7500 उपभोक्ताओं ने एलपीजी से पीएनजी (पेट्रोलियम प्लैज) पर स्विच कर लिया है। युद्ध के कारण स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन घरेलू गैस वितरकों के पास किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित दैनिक पत्रकार वार्ता में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पर्याप्त कच्चे तेल और एलपीजी स्टॉक के साथ रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। लगभग 93 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हैं और डिलीवरी प्रमाणित हो चुकी है। उपभोक्ताओं को पीएनजी की ओर रुख करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन प्राप्त हुआ है। पिछले सप्ताह अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 11,300 टन की आपूर्ति की गई है। कालाबाजारी रोकने के लिए नियंत्रण कक्षों, जिला समितियों के साथ-साथ तेल विपणन कंपनियां निरीक्षण के माध्यम से निगरानी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराकर बुकिंग न करें, आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें और घर पर डिलीवरी का इंतजार करें। सरकार आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।




प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में वृद्धि के संबंध में संयुक्त सचिव ने कहा कि सामान्य पेट्रोल की कीमत में कोई वृद्धि नहीं हुई है। केवल प्रीमियम श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में थोड़ी वृद्धि हुई है और वह भी प्रतिदिन बिकने वाले कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2-4 प्रतिशत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बीच ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की और पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए संवाद, तनाव कम करने और शांति पर जोर दिया। उन्होंने ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की कड़ी निंदा की, जबकि सभी पक्षों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन और निरंतर समन्वय के लिए समर्थन की पुष्टि की।

उन्होंने इन नेताओं को त्योहारी शुभकामनाएं भी दीं और भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए मिले समर्थन की सराहना की। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय के साथ भी इसी तरह की चर्चा हुई, जिसमें स्थिरता, माल और ऊर्जा के निर्बाध पारगमन और निरंतर समन्वय के लिए साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। प्रवक्ता ने बताया कि भारत ने आर्मेनिया-अजरबैजान मार्ग से 284 तीर्थयात्रियों सहित 913 नागरिकों को निकाला है, जबकि विदेश मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष ने 10 कॉल और 6 ईमेल संभाले हैं। हमारा प्रयास सुरक्षा और स्थिति की गहन निगरानी पर केंद्रित हैं।

बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटों में फारस की खाड़ी में कार्यरत सभी 22 भारतीय जहाज सुरक्षित हैं और कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। हमारे सभी 611 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। जहाजरानी महानिदेशालय स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। इसी दौरान, 24x7 नियंत्रण कक्ष ने लगभग 125 कॉल संभाले और 200 से अधिक ईमेल का जवाब दिया। इसके अतिरिक्त, 25 भारतीय नाविकों को ड्यूटी खत्म करने के बाद सफलतापूर्वक स्वदेश वापस भेज दिया गया है।



















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)